पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

अंतर्राष्ट्रीय उर्दू सम्मेलन के आयोजन समिति के सदस्यों ने राज्यपाल से भेट की
संस्मरण संग्रह चरैवेति! चरैवेती!! का उर्दू व हिन्दी में भी प्रकाशन होगा - श्री नाईक

लखनऊ: 5 मई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज पूर्व मंत्री डाॅ0 अम्मार रिज़वी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय उर्दू सम्मेलन के आयोजन समिति के सदस्यगणों ने राजभवन में भेट की तथा उन्हें अंतर्राष्ट्रीय उर्दू सम्मेलन, जिसमें देश-विदेश से आये उर्दू के मूर्धन्य विद्वानों ने शिरकत की थी, में प्रतिभाग करने हेतु धन्यवाद दिया।
राज्यपाल ने आयोजन समिति के सदस्यों को गत माह मुंबई में लोकार्पित अपने मराठी संस्मरण संग्रह चरैवेति! चरैवेती!! की प्रति भेंट की। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही इस संस्मरण संग्रह का उत्तर प्रदेश में उर्दू एवं हिन्दी भाषा में भी विमोचन किया जायेगा।

इस अवसर पर डाॅ0 अम्मार रिज़वी सहित प्रो0 शारिब रूदौलवी, डाॅ0 साबरा हबीब, पूर्व कुलपति श्री अनीस अंसारी, श्री मोहसिन इकबाल, डाॅ0 वंदना मिश्रा, श्री खालिद मसूद, श्री प्रदीप कपूर, डाॅ0 सुलेमान रिज़वी, डाॅ0 शकील, अवधनामा गुरप के श्री वकार रिज़वी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (171/6)